डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

प्रतिवेदन - अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक समारोह (अवंत गार्ड एसेंस) - 2023

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के परिसर में दिनांक 08-07-2023 शनिवार को एक दिवसीय अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक समारोह (**अवंत गार्ड एसेंस**) बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एक अनुभवी संगीतकार, शास्त्रीय संगीत विद्वान, पद्मभूषण और कलैमामणि श्री टी. एन. शेषगोपालन थे। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। तत्पश्चात उन्होंने सभी विद्यार्थियों से परस्पर बातचीत कीं और महाकवि भारतियार का लोकप्रिय गीत 'ओडि विलैयाडु पाप्पा' गाया। उनकी तेजस्वी आवाज़ ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समारोह में 12 विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएँ एकत्रित ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती है, जिसमें सभी प्रतिभागी विभिन्न प्रकार के कौशलों का प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान पाने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आनंद लेते हैं। इस समारोह का आयोजन तीन वर्ष के अंतराल के बाद किया गया, जिसमें 21 के. मा. शि. बो. विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेज़बान विद्यालय के आठवीं से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने दर्शकों के रूप में अपनी भूमिका निभाई तथा ग्यारवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्वयंसेवक के रूप में अपना योगदान दिया। प्रतियोगिताएँ हमें सही मायने में क्षमताओं का पता लगाने में मदद करती हैं।

समापन समारोह माननीय संगीतकार श्री कार्तिक राजा के करकमलों द्वारा विजेताओं को सम्मानित करके किया गया। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अन्य प्रतियोगियों का भी उत्साहवर्धन किया। एक दिवसीय यह कार्यक्रम बेहद सफल और रोमांचित रहा। यह सभी के लिए एक यादगार दिन बन गया। हर कोई जो सौहार्द और ज्ञान अपने साथ ले गया, वह प्रतिस्पर्धा की भावना और जीतने की ललक से कहीं बेहतर था। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान से हुआ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक समारोह (अवंत गार्ड एसेंस) - 2023

माननीय संगीतकार श्री काार्तिक राजा विजेताओं को सम्मानित करते हुए